पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-06.03.2013 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	डॉ० दाउद अली, स०वि०स० श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, स०वि०स० श्री विनोद प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, स०वि०स० श्री अशोक कुमार सिंह, स०वि०स० श्री संजय सिंह (टाइगर), स०वि०स० श्री राजेश्वर राज, स०वि०स० श्री ललन राम, स०वि०स० श्री कुमार शैलेन्द्र, स०वि०स० श्री राम नरेश यादव, स०वि०स० श्री रण विजय कुमार, स०वि०स०	बक्सर जिला सहित राज्य के सभी सदर अस्पताल में विगत् दो माह पूर्व से आउटसोर्सिंग से चलने वाला अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे. मशीन बन्द है, जिससे गरीब मरीज को दर-दर भटकना पड़ रहा है तथा उन्हें निजी क्लिनिक में जाने पर आर्थिक परेशानी हो रही है । अतएव बक्सर सदर अस्पताल सहित पूरे राज्य में बन्द पड़े अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे. मशीन को पुनः चालू कराने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	स्वास्थ्य

1	2	3	4
2.	श्री अम्बिका सिंह, स०वि०स० श्री अनिरूद्ध कुमार, स०वि०स० श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, स०वि०स० श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स० श्री दिनेश कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स० डॉ० अब्दुल गफूर, स०वि०स०	उत्तर प्रदेश स्थित मुसाखाड़ एवं नौगढ़ बाँध से लतीफ साह बीयर को पानी मिलता है । इसी बीयर से उत्तर प्रदेश एवं बिहार को पानी मिलता है । उत्तर प्रदेश के साथ पानी के बंटवारे के तहत् बेन हेड से 300 क्यूसेक पानी बिहार को मिलना है, जिसके लिए 100 क्यूसेक क्षमता के तीन गेट लगा है । विगत् सात वर्षों से दो गेट जाम पड़ा है, मात्र एक गेट से 100 क्यूसेक पानी बेन हेड से नीचे आता है । बिहार में पानी आने से पूर्व एक किलो मीटर की दूरी उत्तर प्रदेश की सीमा में है, जिसमें 12 आउटलेट हैं जिससे 50 क्यूसेक पानी उत्तर प्रदेश में चला जाता है । शेष बचे 50 क्यूसेक पानी कर्मनाशा मुख्य नहर से बिहार को मिल पाता है, जो यहाँ के किसानों के लिए नाइन्साफी है । विदित है कि तीनों गेट एवं उक्त एक कि०मी० नहर का रख-रखाव पर बिहार सरकार की बड़ी राशि खर्च होती है, परन्तु किसानों को पानी नहीं मिल पाता है । अत: उक्त दोनों गेट को शीघ्र खोलकर 300 क्यूसेक पानी बिहार लाने के लिए हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।	जल संसाधन

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-12/13- 208 / वि०स०, पटना, दिनांक- 5 मार्च, 2013 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / स्वास्थ्य विभाग तथा जल संसाधन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

05/3/13
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-12/13- 208 / वि०स०, पटना, दिनांक- 5 मार्च, 2013 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय / निजी सहायक, संयुक्त सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रभारी सचिव एवं प्रभारी संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

05/3/13
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

5/3/13